FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

# प्रेस नोट थाना नारखी दिनांक 28-07-2026 जनपद फिरोजाबाद।

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 27-07-2026 को एक नाबालिक बच्ची के साथ गलत काम करने वाले अभियुक्त वीरेश उर्फ वीरा को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार।**

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से अभियुक्त वीरेश हुआ घायल....**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**

दिनांक 27.07.2026 को वादी विष्णु पुत्र स्व0 राजवीर निवासी नयावांस थाना नारखी द्वारा थाना नारखी पर तहरीर दी गयी कि वादी अपनी नाबालिक पुत्री को समर पर लेकर गया था। वादी की पुत्री उपरोक्त वहां खेल रही थी और वादी खेत में पानी चलाने चला गया, तभी पड़ोस के रहने वाले वीरेश उर्फ वीरा पुत्र ग्याप्रसाद उर्फ कलोदी निवासी नयावांस थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद द्वारा वादी की पुत्री से छेड़खानी की गई। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना नारखी पर मु0अ0सं0 308/2026 धारा-74 बीएनएस व 9M/10 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना नारखी पुलिस टीम को आज दिनाँक 28-07-2026 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मु0अ0सं0 308/2026 में वांछित अभियुक्त बेंदी की पुलिया के पास छिपते-छिपाते घूम रहा है तथा कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा बेंदी की पुलिया के पास प्रभावी दबिश दी गयी जिसमें पुलिस को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया। थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान थाना नारखी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 308/2026 में वांछित अभियुक्त वीरेश उर्फ वीरा पुत्र ग्याप्रसाद उर्फ कलोदी निवासी नयावांस थाना नारखी के रुप मे हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त–

1. वीरेश उर्फ वीरा पुत्र ग्याप्रसाद उर्फ कलोदी निवासी नयावांस थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

## अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा करातूस 315 बोर।
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. एसओ राकेश कुमार गिरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 रामवीर सिंह थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. मुख्य आरक्षी 153 सुधीर कुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. रिक्रूट आरक्षी 1860 रोबिन थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।